# गोयल नगर जैन मंदिर के सामने ही शिफ्ट होगी माधवराव सिंधिया प्रतिमा

## राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्थान देख की चर्चा

नगर प्रतिनिधि


इंदौर। निमार्णाधीन बंगाली फ्लायओवर के मध्य भाग निर्माण में बाधक बनी स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा ब्रिज के पास गोयल नगर जैन मंदिर के सामने ही स्थानांतरित की जाएगी। स्व. सिंधिया के पुत्र राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार सुबह स्थानीय भाजपा नेताओं और अधिकारियों के साथ दौरा कर प्रस्तावित स्थल देखा और पहले से तय की गई जगह पर प्रतिमा शिफ्ट करने पर मुहर लगा दी।



करीब सालभर से प्रतिमा के कारण फ्लायओवर का मध्य भाग नहीं बन पा रहा है। सिंधिया प्रतिमा चौराहे के बीचों-बीच लगी है। उसकी शिफ्टिंग के बगैर काम करना संभव नहीं है। दीपावली के पहले मंत्री तुलसी सिलावट, पूर्व आइडीए अध्यक्ष मधु वर्मा, पूर्व महापौर मालिनी गौड़ ने दौरा कर गोयल नगर जैन मंदिर के सामने ही प्रतिमा शिफ्ट करने का फैसला किया था। तभी से इस बारे में अंतिम फैसला होने का इंतजार हो रहा था, क्योंकि यह निर्णय ज्योतिरादित्य सिंधिया को करना था। शुक्रवार को हुए दौरे के दौरान मंत्री सिलावट, मधु वर्मा, शहर भाजपा अध्यक्ष गौरव रणदिवे, नगर निगम प्रशासक डॉ. पवनकुमार शर्मा, कलेक्टर मनीष सिंह, निगमायुक्त प्रतिभा पाल और आइडीए सीईओ विवेक श्रोत्रिय आदि मौजूद थे।

### पीडब्ल्यूडी और नगर निगम करेंगे काम

अधिकारियों ने बताया कि प्रतिमा शिफ्टिंग का काम नगर निगम को करना है, जबकि प्रतिमा के पास ब्रिज के बोगदे का भीतरी विकास पीडब्ल्यूडी करेगा। इसके लिए दोनों विभाग कार्यों की रूपरेखा और इस्टिमेट बना रहे हैं। नगर निगम को प्रतिमा के लिए प्लेटफॉर्म बनाने और आसपास के विकास का काम करना है। स्व. सिंधिया प्रतिमा का लोकार्पण तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहनसिंह ने दिसंबर-2005 में किया था।



# इंदौर में इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स हब को मिली सैद्धांतिक सहमति

## सांसद शंकर लालवानी की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की

इंदौर। इंदौर में इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स हब के प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। इसको लेकर सांसद शंकर लालवानी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। गड़करी ने इस विषय पर अधिकारियों से आगे कार्रवाई के लिए कहा है। इंदौर के लिए इंटरनेशनल कार्गो के बाद दूसरी बड़ी उपलब्धि होगा। सांसद लालवानी ने कहा - केंद्रीय मंत्री गडकरी को इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स हब के लिए प्रेजेंटेशन दिया था, जिसमें हमने इंदौर की खूबियों को बताया था। गड़करी ने कहा यदि राज्य सरकार जमीन उपलब्ध करवा दे तो ये प्रोजेक्ट आगे बढ़ाया जा सकता है। हमने इस मामले में सीएम शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स हब के लिए जमीन आवंटन की मांग की थी। राज्य शासन ने भी सैद्धांतिक सहमति देते हुए इंदौर एयरपोर्ट के पास जमीन देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

गडकरी से मुलाकात कर उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू स्वच्छ भारत मिशन में इंदौर लगातार चार सालों से भारत का सबसे साफ शहर है। यहां का मौसम भी बहुत अच्छा है। बहुत ज्यादा गर्मी या बहुत ज्यादा सर्दी, यहां नहीं पड़ती और ना ही शहरों को डूबाने वाली बारिश यहां होती है। उन्होने कहा कि इंदौर भारत का ऑटो, ऑटो एंसीलरी और फार्मा हब है। इंदौर के पास स्थित पीथमपुर को एशिया का डेट्रायट कहा जाता है। यहां देश-दुनिया की बड़ी ऑटो कंपनियां हैं, जो पिछले कई सालों से यहां काम कर रही हैं। साथ ही दुनियाभर की गाड़ियों में लगने वाले ऑटो पार्ट्स भी यहां बन रहे हैं। फार्मा प्रोडक्शन में भी इंदौर पूरे देश में बेहद आगे है और हर बड़ी दवा निमार्ता कंपनी मौजूद है। कोरोना की बहुचर्चित दवा हाउड्रोक्सीक्लोरोक्वीन भी इंदौर में बनती है और यहां की कई यूनिट्स को यूएसएफडीए का सर्टिफिकेट भी प्रा?त है।

साथ ही कहा कि इंदौर से इंटरनेशनल एयर कार्गो की शुरूआत हुई है, जिससे सीधे विदेशों में माल भेजना आसान हो गया है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कार्गो के बाद अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स हब इंदौर के लिए बड़ी उपलब्धि होगी और रोजगार तथा प्रगति के अवसर बढ़ेंगे।

**एक नजर**

### बिजली चोरों पर कारवाई जारी

इंदौर। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगातार बिजली चोरी के प्रकरण बनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अगर एक महीने पर नजर डाली जाए तो सबसे अधिक बिजली चोरी के प्रकरण खजराना क्षेत्र में बनाए गए हैं। यहां पर प्रकरण के साथ-साथ अर्थदंड की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। बताया जाता है कि अभी हाल ही में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वसूली अभियान के साथ-साथ बिजली चोरी के प्रकरण पर भी निगाह रखी जा रही है ताकि प्रकरण सामने आने पर कार्रवाई हो, वहीं उपभोक्ताओं से बेहतर वसूली का लक्ष्य रखा गया है। इस मामले को लेकर जब अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि सबसे अधिक बिजली चोरी के प्रकरण खजराना क्षेत्र में बनाए गए हैं जिसमें सभी इलाकों में लगातार बिजली चोरी के प्रकरण भी सामने आए हैं। हालांकि इसको लेकर लगातार पहले से ही कंपनी अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं लेकिन अब और बेहतर कार्रवाई की जा ही है। शहर के अलग-अलग इलाकों में वैसे तो बिजली चोरी के मामले में सूचना देने वालों को भी गोपनीय रखने के साथ उन्हें पुरस्कृत करने की कार्रवाई भी हो रही है परंतु इसमें सबसे अधिक खजराना क्षेत्र में कार्रवाई हुई है। शहर के अलग-अलग इलाकों में इस तरह की कार्रवाई लगातार की जा रही है ताकि बिजली चोरी के मामले में कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि कार्रवाई से अतिरिक्त राजस्व भी लगातार बिजली कंपनी को मिल रहा है। गौरतलब है कि बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर 2 महीने का भी इंतजार बिजली कंपनी नहीं करते हुए कनेक्शन को काट देती हैं। इसी तरह अब बिजली चोरी पर भी सख्त रवैया विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपनाया जा रहा है।

# खजराना गणेश में शुक्रवार को भी जारी रही दानपेटियों में आए दान की गिनती

## दानपेटियों से तीसरे दिन निकले 19 लाख 62 हजार रुपए, अब तक 66 लाख से ज्यादा रुपए निकले

इंदौर। खजराना गणेश मंदिर में चौथे दिन शुक्रवार को भी दानपेटियों से निकली राशि की गिनती जारी रही है। गुरुवार को गिनती में 19 लाख 62 हजार रुपए निकले हैं। मुख्य पुजारी अशोक भट्?ट के अनुसार दानपेटियों में गिनती से 15 लाख 72 हजार रुपए के नोट और 3 लाख 90 हजार की चिल्लर निकली है। कुल 27 दानपेटियों से पूरा दान निकल चुका है। गिनती में पहले दिन 15 लाख 95 हजार रु., दूसरे दिन 30 लाख 63 हजार रु., तीसरे दिन 19 लाख 62 हजार रुपए निकले हैं।

मंदिर परिसर में कुल 36 दानपेटियां हैं। 13 छोटी और 23 बड़ी हैं। सभी पेटियां खोली जा चुकी हैं। तीन दिनों से चल रही है नोटों की गिनती में अब तक कुल 66.21 लाख रुपए निकले है। नोटों के अतिरिक्त सोने-चांदी के गहने, विदेशी मुद्रा एवं चिल्लर भी निकली है।



### लॉकडाउन के बाद खुली पेटियां

खजराना गणेश मंदिर की पेटियों को मंगलवार को लॉकडाउन के बाद पहली बार खोला गया। पेटियों में से रुपए के साथ कई पत्र भी निकले हैं। नोट गिनने के लिए दो मशीनों का उपयोग हुआ। नोटों की गिनती मंदिर प्रबंध समिति एवं बैंक अधिकारियों द्वारा मिलकर की जा रही है।

# लिंक खुलने में दिक्कत आई तो डीएविवि ने बढ़ा दी फार्म भरने की तारीख

## पीजी फर्स्ट और थर्ड सेमेस्टर के फार्म भरने की तारीख 12 से बढ़कर 19 फरवरी हुई

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) में अब परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया है। एग्जाम फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। पीजी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की शुक्रवार को आखिरी तारीख थी लेकिन तकनीकी समस्या के कारण ज्यादातर छात्र फॉर्म जमा नहीं कर पाए थे। डीएवीवी ने छात्रों को राहत देते हुए फॉर्म भरने की तारीख को बढ़ाकर 12 के स्थान पर 19 फरवरी कर दिया है। प्रबंधन के अनुसार छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए, इसे देखते हुए डेट को बढ़ा दिया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद डीएवीवी ने भी परीक्षाओं को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोरोना के कारण पीजी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के छात्रों को जनरल प्रमोशन दिया जाना है। इसी के लिए फॉर्म भरने की आखिरी 12 फरवरी तय की गई थी। छात्रों ने फॉर्म भरना तो चाहा लेकिन लिंक ओपन होने में परेशानी आ रही थी। इसकी जानकारी प्रबंधन तक पहुंची और फिर यह निर्णय लिया गया।

### इन विषयों के लिए भरा रहे थे फॉर्म

एमए एमकॉम, एमएससी, एमबीए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के अलावा बीसीए, बीबीए के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर भी शामिल हैं।

### प्रकरण श्रम न्यायालय को सौंपा गया

इंदौर। श्रम विभाग के अपर आयुक्त ने सेवा नियुक्त श्री कमलेश द्विवेदी पिता श्री सत्यनारायण द्विवेदी एवं सेवा नियोजक बी.आर. गोयल इंन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर के मध्य उत्पन्न विवाद को औद्योगिक विवाद माना है। इसी तरह उन्होंने सेवा नियुक्त श्री संजय जाधव पिता स्व. श्री गोपाल राव जाधव एवं सेवा नियोजक प्रबंधक के मध्य उत्पन्न विवाद को श्रम न्यायालय भेजा है.

# एआइजी सोनाली दुबे ने एमवायएच में लगवाया टीका

## शुक्रवार को भी हुआ टीकाकरण

इंदौर। स्वास्थ्य कर्मियों के बाद इंदौर में पिछले कुछ दिनों से फ्रंटलाइन वॉरियर्स को टीका लगाया जा रहा है। इनमें शामिल पुलिसकर्मी, नगर निगम कर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक सप्ताह के मंगलवार और शुक्रवार को बच्चों का सामान्य टीकाकरण होने के कारण कोविड टीकाकरण नहीं किया जाता था। भोपाल से मिले निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को भी कोविड टीकाकरण किया गया। शहर में 79 टीमों के माध्यम से 9000 फ्रंटलाइन वॉरियर्स को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। दोपहर डेढ़ बजे तक महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवायएच) में काफी संख्या में पुलिस विभाग के कर्मचारी टीका लगवाने के लिए पहुंचे। पुलिस विभाग की एआइजी सोनाली दुबे और उनके पति आबकारी अधिकारी संजीव दुबे भी टीका लगवाने के लिए पहुंचे।

एमवायएच में डेढ़ बजे तक 83 लोग टीका लगवा चुके थे। दोपहर डेढ़ बजे तक राजश्री अपोलो अस्पताल में 60 लोगों को टीका लग चुका था। यहां पर पुलिस विभाग के साथ नगर निगम के कर्मचारी भी टीका लगवाने पहुंचे। गौरतलब है कि इंदौर में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की 82 टीमों ने 6801 लोगों को टीका लगाया था।

### यादव अहीर समाज का परिचय सम्मेलन 14 मार्च को

इन्दौर। अखिल भारतीय यादव अहीर समाज द्वारा प्रतिवषार्नुसार 14 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे शम्भु सत्संग भवन पंचकुईया हुकुमचंद कॉलोनी में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। समाज के आयोजक गणेश प्रसाद यादव, अशोक यादव, राजेश यादव, एडव्होकेट संतोष यादव, मुकेश यादव, सुभाष यादव ने बताया कि परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए अभी तक 150 प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी है सम्मेलन में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, छत्तीसगढ, गुजरात, उत्तरप्रदेश, उडीसा, बिहार, आन्ध्रप्रदेश, झारखण्ड, उत्तराखण्ड आदि से युवक-युवतियों के आगमन की सूचना मिल गई है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, शिक्षा मंत्री मोहन यादव, मंत्री विजेन्द्र यादव, पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया हुए संक्रमण रोग से लड़ने के लिए तुलसी पौधे का वितरण किया जायेगा.

# डी. पी. आभुषण लिमिटेड ने की 31 दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही के अन अंकेक्षित वित्तीय परिणामो की घोषणा

इंदौर। डी. पी. अभुषण लिमिटेड (NSE: DPABHUSHAN) ने दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी का लाभ (कर के बाद) ८.७३ करोड़ रुपये का रहा जो कि दिसंबर 2019 को समाप्त तिमाही में 4.14 करोड़ रुपए था, इस प्रकार लाभ (कर के बाद) में 111% की वृद्धि हुई है।इसी तरह राजस्व ४१४.२९ करोड़ रुपये का रहा जो कि दिसंबर २०१९ को समाप्त तिमाही में २३६.१४ करोड़ रुपए था, इस प्रकार राजस्व में ७५ % की वृद्धि हुई है।

परिणामों पर बोलते हुए, संतोष कटारिया, (संपूर्ण समय निदेशक), ने कहा कि तिमाही के दौरान त्योहारों और शादी के मौसम के कारण अच्छी मांग थी।पिछले छह महीनों में, कंपनी ने उज्जैन, भीलवाड़ा और कोटा में तीन नए शोरूम खोले हैं एवं स्थानीय ग्राहकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत और अच्छा व्यवसाय प्राप्त हुआ है।भविष्य पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि देश के अनलॉक एवं सोने के आयात में कस्टम ड्यूटी में कमी होने के कारण आभूषणों की अच्छी मांग रहने की संभावना है।

# प्रेम दिवस को मनाया जाएगा मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में

## 14 फरवरी को इंदौर सहित पूरे देश में मनाया जाएगा यह उत्सव

इंदौर। मानव जीवन के उत्थान में माता पिता एवं गुरुजनों के आदर का महत्व जानने वाला यदि कोई देश है तो वह है अपना भारत देश इस देश की महान संस्कृति ने इस सिद्धांत को अत्यंत महत्व देते हुए विद्यार्थी को आदेश दिया है मातृदेवो भावः पितृ देवो भावः आचार्य देवो भावःह्व अर्तार्थ माता पिता और आचार्य को देव (ईशवर) मनने वाला हो। अपनी संस्कृति के इन प्राचीन संस्कारों को पुनस्थापित करने के लिए तथा 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाने की पाश्चत्य प्रथा हमारे देश में पैर जमा रही है उसे उखाड़ फैकने के लिए श्री योग वेदांत सेवा समिति ने देशभर में मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया है इसमें देश के हजारों विद्यालय एवं महाविद्यालय जुड़ गए हैं।

14 फरवरी 2021 नरसिंह वाटिका इंदौर में सुबह 9 बजे से कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। श्री योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप-प्रज्जलन, वैदिक मंत्रोच्चार, गणेश वंदना व गुरु-प्रार्थना से होगी। तत्पचात गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा यह कार्यक्रम फरवरी महीने में देश के विभिन्य विद्यालयों, लाखों परिवारों तथा 18 हजार बाल संस्कार केंद्रों में सामूहिक रूप से मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में इंदौर में नरसिंह वाटिका में मातृ पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन पूज्य बापूजी के कृपा पात्र साधक भाई श्री रामा भाई जी के सानिध्य में किया जाएगा। पूरे देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी भारतीय परंपरा को पुनः जागृत कर बच्चों को अपने माता-पिता का तिरस्कार न करके उनका आदर सम्मान करने के संस्कारों से युक्त बनाने हेतु 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से पिछले 14 वर्षों से चलाये जा रहे इस मातृ-पितृ पूजन दिवस अभियान ने आज भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक पर्व के रूप में अपना स्थान बना लिया है। हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, पारसी - सभी धर्मों के लोगों ने हृदयपूर्वक यह पर्व स्वीकार किया है।

### उर्वरक के अवैध भण्डारण पर एफआईआर दर्ज

इंदौर। कलेक्टर श्री मनीष सिंह के निर्देश पर 11 फरवरी, 2021 को कृषि विभाग के दल ने इंदौर के देवास नाका स्थित 253/2-ए मेसर्स इजीकेयर कंज्यूमर साल्युसन प्रायवेट लिमिटेड में छापामार कार्रवाई कर जांच की थी। इस दौरान पाया गया कि आरोपी शैलेन्दर पाटीदार द्वारा अवैधानिक रूप से प्रोम (फॉस्फोरस रिच ऑर्गेनिक मेन्युअर) का अवैध भण्डारण कर विक्रय किया जा रहा है, जबकि इनके द्वारा अन्य स्थान का उर्वरक लाईसेंस लेकर जिसमे मेसर्स प्लांट नंबर 56 एसआर कम्पाउंड देवास नाका लसुड़िया मोरी इंदौर का पता इंद्राज है इसमे अन्य कंपनियों के रैपर भी पाये गये। उक्त घटना स्थल पर कृषि दल द्वारा जांच कर पंचनामा, जप्तीनामा एवं सुपुर्दगी बनाकर गोदाम को सील कर दिया गया है। उर्वरक के अवैध भण्डारण के मामले में उपसंचालक कृषि श्री एस.एस. राजपूत द्वारा पुलिस थाना लसुड़िया में आरोपी शैलेन्दर पाटीदार पिता अनोखीलाल पाटीदार के विरूद्ध अपराध धारा 7 उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है।

# सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत आज आयोजित होगा लाइव सेशन

## कलेक्टर देंगे महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के निदान हेतु महत्वपूर्ण जानकारी

इंदौर। महिलाओं को सुरक्षित माहौल और भयमुक्त जीवन देने के लिए जिला प्रशासन ?सेफसिटी प्रोजेक्ट? चला रहा है। कलेक्टर श्री मनीष सिंह के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में महिला आंत्रप्रेन्योर्स संगठन-आईशीरोज भी सेफ सिटी प्रोजेक्ट से जुड़कर अपनी भूमिका निभा रहा है।

इसी क्रम में संगठन द्वारा 13 फरवरी को एक लाइव सेशन आयोजित किया जा रहा है। लाइव सेशन के माध्यम से कलेक्टर श्री सिंह महिलाओं से जुड़ी परेशानियों और उनके निदान को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे। सेशन में शामिल होने के लिए साइट लॉगिन किया जा सकता है। सेशन दोपहर 12 बजे से आरंभ होगा। उल्लेखनीय है कि महिला आंत्रप्रेन्योर्स संगठन-आईशीरोज हमेशा से सामाजिक सरोकार के लिए प्रतिबध्द है। आईशीरोज ने जेंडर इक्विलिटी (लैंगिक समानता) के लिए काम कर रहे पर्पल स्कार्फ ग्रुप को भी अपना सपोर्ट दिया है।

### गेंहू खरीदी के पंजीयन का कार्य तेजी से जारी

इंदौर। जिले में जारी रबी मौसम में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिये किसानों के पंजीयन का कार्य तेजी से जारी है। रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2021 में गेंहू उपार्जन हेतु जिले के 60 पंजीयन केन्द्रों पर गेंहू का पंजीयन कार्य विधिवत सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री एस.एस. राजपूत ने बताया कि जिले के सभी चारों विकासखण्डों में 60 गेंहू पंजीयन केन्द्रों की स्थापना की गई है। यहां सुचारू रूप से पंजीयन कार्य हो रहा है। किसी भी प्रकार की समस्या (कठिनाई) नहीं है। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष में पंजीयन कराने वाले कृषकों की संख्या में वृद्धि है। पंजीयन कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग कृषि विभाग द्वारा की जा रही है। श्री राजपूत ने बताया कि गेंहू फसल के पंजीयन हेतु 20 फरवरी अंतिम तिथि है। पंजीयन कार्य में प्रतिदिवस प्रगति हो रही है।